| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना–विस्तृत शीर्ष–03–प्रशासनिक व्यय–23– आपूर्ति एवं सामग्री **53S24050078966010323** | 91.00 | 90.778 | 0.00 | 0.222 |
| 4 | 789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना–विस्तृत शीर्ष–05–निर्माण–44 –जीर्णोद्धार **53S24050078966010544** | 9.00 | 0.00 | 8.2575 | 0.7425 |
| | उप योगः | 100.00 | 90.778 | 8.2575 | 0.9645 |
| 5 | 796–जनजातीय क्षेत्र उपयोजना–विस्तृत शीर्ष–03– प्रशासनिक व्यय–23–आपूर्ति एवं सामग्री **53S24050079666010323** | 308.00 | 307.836 | 0.00 | 0.164 |
| 6 | 796–जनजातीय क्षेत्र उपयोजना–विस्तृत शीर्ष–05– निर्माण–44–जीर्णोद्धार **53S24050079666010544** | 42.00 | 0.00 | 41.2875 | 0.7125 |
| | उप योगः | 350.00 | 307.836 | 41.2875 | 0.8765 |
| | कुल योगः | 800.00 | 702.298 | 90.8325 | 6.8695 |

**कुल मो0 90.8325 लाख (नब्बे लाख तिरासी हजार दो सौ पचास) रुपये मात्र।**

5. प्राकृतिक आपदा, स्थानीय चक्रवात, क्रॉप कैश के कारण लाभुकों/धारक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के टूटे केज की रिमॉडलिंग हेतु यह राशि स्वीकृत की गई है।
6. कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा वर्ष 2021 में G.I. पाईप से बने चार केज–एक बैटरी मॉडल/दो केज–एक बैटरी मॉडल/एक केज–एक बैटरी मॉडल के एक केज–एक बैटरी में रिमॉडलिंग के मो0 1,83,500/– रु0 मात्र के प्राक्कलन पर तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई है।
7. निदेशक मत्स्य द्वारा उपरोक्त तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन के विरुद्ध केज रिमॉडलिंग की इकाई लागत निर्धारित करने हेतु समाचार पत्रों में "इच्छा की अभिव्यक्ति" आमंत्रित करते हुए केज रिमॉडलिंग का न्यूनतम दर निर्धारित किया जाएगा तथा इच्छुक फर्म/संवेदक का empanelling किया जायेगा।
8. केज रिमॉडलिंग कार्य लाभुक/धारक समिति द्वारा उपर्युक्त कंडिका 6 के द्वारा empanelled फर्म/संवेदक से कराया जाएगा।
9. चालू वित्तीय वर्ष 2022–23 में राज्यादेश संख्या–08 रा० (वि०) दिनांक 15.06.2022 द्वारा इस योजना अंतर्गत केज अधिष्ठापन हेतु स्वीकृत अनुदान के समान ही केज रिमॉडलिंग हेतु "इच्छा की अभिव्यक्ति" में निर्धारित दर एवं मो0 1,83,500/– रु0 मात्र में जो कम होगी उसी पर 90 प्रतिशत अनुदान देय होगा तथा शेष 10 प्रतिशत लाभुक/धारक समिति का अंशदान होगा। जलाशयों के विस्थापितों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए केज रिमॉडलिंग में भी 90 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।
10. केज रिमॉडलिंग उपरांत किये गये कार्य के अभिश्रवों के आधार पर जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा आवश्यक अनुदान की राशि प्राप्त आवंटन के विरुद्ध कार्य एजेन्सियों को भुगतान की जायेगी।
11. केज रिमॉडलिंग हेतु लाभुक पूर्व में केज धारक अथवा जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। मत्स्यजीवी सहयोग समिति भी लाभुक हो सकती है। लाभुक अपना अंशदान लगाने का इच्छुक हो/सक्षम हो। चार केज–एक बैटरी मॉडल अथवा दो केज–एक बैटरी मॉडल में अधिकतम दो लाभुक साझा हो सकते हैं। जलाशयों के विस्थापित केज धारकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

